भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1878

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

हाल के विरोध को देखते हुए एन एस सी एन (आई एम) के साथ बातचीत

1878. श्री नरेश अग्रवाल:
श्री ए.के. सेल्वाराजः

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (इसाक-मुईवाह) (एन एस सी एन/आई एम), जिसके साथ सरकार ने पिछले वर्ष एक करार पर हस्ताक्षर किये थे, ने कहा है कि उसने संप्रभुता हेतु अपनी मांग छोड़ी नहीं है;
(ख) क्या यह भी सच है कि एन एस सी एन/आई एम का यह कहना है कि नागाओं के लिए अलग झंडा और पासपोर्ट केवल एक मांग ही नहीं है अपितु एक अधिकार है क्योंकि नागा कभी भी भारतीय शासन के अधीन नहीं थे;
(ग) क्या हाल के विरोध को देखते हुए सरकार एन एस सी एन/आई एम के साथ बातचीत करने पर विचार कर रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) से (घ): नागा शान्ति वार्ताएं प्रगति पर हैं। दिनांक 3 अगस्त, 2015 को फ्रैमवर्क पर हस्ताक्षर के पश्चात, इसके ब्यौरे तैयार किए जा रहे हैं। अन्तिम समझौते पर पहुंचने से पहले इसमें शामिल सभी हितधारकों और राज्य सरकारों के साथ परामर्श किया जाएगा।